सराहनीय कार्य
प्रेस नोट
मीडिया सेल, जनपद गोण्डा
दिनांक 11.03.2023

कूटरचित दस्तावेज तैयार कर फर्जी तरीके से जमीन का बैनामा कराने का आरोपी अभियुक्त गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक गोण्डा आकाश तोमर द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत वांछित अभियुक्तों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी करने के निर्देश जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षों को दिये थे।

उक्त निर्देश के क्रम में थाना कोतवाली नगर पुलिस ने मुखबिर खास की सूचना पर मु0अ0सं0-472/2022 धारा 419, 420, 467, 468, 471, 504, 506 भा0द0वि0 से सम्बन्धित वाछिंत अभियुक्त मगंल को गिरफ्तार कर लिया गया। उक्त अभियुक्तगण ने फर्जी कूटरचित दस्तावेज तैयार कराकर फर्जी तरीके से जमीन का बैनामा करा लिया था। जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर गोण्डा में अभियोग पंजीकृत कराया गया था। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गयी।

गिरफ्तार अभियुक्त-

01. मंगल पुत्र सोमई निवासी मेलाराम पुरवा दाखिला गंगापुर थाना कोतवाली नगर जनपद गोण्डा।

पंजीकृत अभियोग-

01. मु0अ0सं0- 472/2022 धारा 419/420/467/468/471/504/506 भा0द0वि0 थाना कोतवाली नगर, जनपद- गोंडा।

गिरफ्तारकर्ता टीम-

01. उ0नि0 अजय कुमार तिवारी मय टीम ।

सराहनीय कार्य
प्रेस नोट
मीडिया सेल, जनपद गोण्डा
दिनांक 11.03.2023

चोरी करने का अभियुक्त माल के साथ गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक गोण्डा आकाश तोमर ने अपराध एंव अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत वांछित अभियुक्तों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी करने हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षों को कड़े निर्देश दिए थे।

उक्त निर्देश के क्रम में थाना खरगुपुर क्षेत्र के अन्तर्गत खेत में लगे बिजली मोटर की चोरी करते बूचे उर्फ मुराजुद्दीन को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी का एक अदद बिजली मोटर बरामद किया गया। जिसके सम्बन्ध में वादी की तहरीर पर मु0अ0सं0-072/2023 धारा- 379, 411 भादवि पंजीकृत कर अभियुक्त के विरूद्ध थाना खरगुपुर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गयी।

गिरफ्तार अभियुक्त-

01. बूचे उर्फ मुराजुद्दीन पुत्र मूने मिस्त्री निवासी महजिदिया थाना खरगूपुर जनपद गोण्डा।

पंजीकृत अभियोग-

01. मु0अ0सं0-072/2023 धारा- 379, 411 भादवि थाना खरगुपुर जनपद गोण्डा।

बरामदगी-

01. एक अदद बिजली मोटर चोरी की बरामद।

कार्यालय पुलिस अधीक्षक जनपद गोण्डा दिनांक 11.03.2023

शांतिभंग की आशंका के मद्देनजर पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही-

जनपदीय पुलिस द्वारा विभिन्न मामलो में शान्ति भंग की आशंका के मद्देनजर जनपद के विभिन्न थानों से कुल-33 व्यक्तियों को अन्तर्गत धारा-151/107/116 सीआरपीसी में गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया तथा भारी से भारी जमानत मुचलके से पाबन्द कराया गया।

04 वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार-

गोण्डा। पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन में चलाए जा रहे वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के अभियान में जनपद गोंडा के थाना कोतवाली देहात पुलिस ने 01, थाना कटराबाजार पुलिस ने 01, थाना वजीरगंज पुलिस ने 01, थाना उमरीबेगमगंज पुलिस ने 01 वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय रवाना कर दिया गया।